# प्रपत्र—11

**अनिवार्य संलग्नक 1.5**

कार्य का नामः—जिला नैनीताल में मुख्य मंत्री ग्रामीण सडक योजना के अन्तर्गत नदगल गॉव को जोडने हेतु मोटर मार्ग निर्माण (2.500 कि0मी0)।

**प्रस्तावित कार्य हेतु वन भूमि की मॉग का औचित्यः—** उपरोक्त प्रस्तावित मोटर मार्ग जनपद नैनीताल के सुदुरवर्ती एवं पिछड़े विकास खण्ड धारी के अन्तर्गत पड़ता है। इस मोटर मार्ग के निर्माण से सुदुरवर्ती नदगल के 60 परिवारों की लगभग 360जनसंख्या एवं दीनी ग्राम के 40 परिवारों की 240 जनसंख्या अर्थात् अन्य ग्रामों को जोड़ते हुए कुल 1600 जनसंख्या लाभान्वित होती है।

उक्त मोटर मार्ग के बनने से स्थानीय जनता को यातायात, शिक्षा, चिकित्सा एवं कृषि कारोबार में विशेष सुविधा प्राप्त होगी तथा क्षेत्र के आर्थिक विकास एवं पर्यटन व्यवसाय को भी बल मिलेगा। क्षेत्र के विकास एवं स्थानीय जनता की मॉग के अनुसार उक्त मार्ग की नितान्त आवश्यकता है।

प्रस्तावित मार्ग के निर्माण हेतु विस्तृत रूप से क्षेत्र का सर्वेक्षण किया गया तथा तकनीकी दृष्टिकोण से क्षेत्र का उचित, मितव्ययी तथा कम से कम वन भूमि प्रभावित हो उक्त के दृष्टिगत संरेखन चयनित किया गया जिसमें 1.33 हे0 वन भूमि प्रभवित होती है। अतः 1.33 हे0 वन भूमि का लो0नि0वि0 के पक्ष में हस्तान्तरण (मॉग) औचित्यपूर्ण है। तथा मार्ग संरेखण का निर्माण वन भूमि में बनाये जाने के अलावा अन्य विकल्प कार्य स्थल पर न होने के कारण आवर्धित वन भूमि प्रभावित होना अपरिहार्य था।

कनिष्ठ अभियन्ता
अस्थाई खण्ड लो0नि0वि0,
भवाली

सहायक अभियन्ता
अस्थाई खण्ड लो0नि0वि0,
भवाली

अधिशासी अभियन्ता
अस्थाई खण्ड लो0नि0वि0
भवाली

Scanned by CamScanner